PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 248 ● भिलाई, शनिवार 11 अप्रैल 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सचिवालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक बार फिर दिल्ली सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. सचिवालय की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरा संदेश आने के बाद प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया. दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अलर्ट मोड पर हैं और जांच में जुटी हैं. आज दिल्ली सचिवालय की विभिन्न ईमेल आईडी पर एक साथ धमकी भरे मेल प्राप्त हुए. संदेश में सचिवालय परिसर को बम से उड़ाने का दावा किया गया था. जैसे ही इस सूचना की पुष्टि हुई, तुरंत प्रभाव से सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया गया. मौके पर दिल्ली पुलिस की बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड की टीमें पहुंचीं. इसके बाद पूरे परिसर की सघन तलाशी ली गई. सुरक्षा एजेंसियों ने सचिवालय के चप्पे-चप्पे की जांच की गई है. हालांकि अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है. लेकिन पुलिस कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहती है. ऐसे में दिल्ली पुलिस की साइबर सेल अब उन ईमेल आईडी की बारीकी से जांच कर रही है, जिनसे यह संदेश भेजे गए थे. आईपी एड्रेस व सेंडर की लोकेशन को ट्रैक करने की कोशिश की जा रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि यह किसी की शरारत है या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश.

### जगदीश टाइटलर के खिलाफ दर्ज मामले में एक गवाह के बयान दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के आरोपी जगदीश टाइटलर के खिलाफ दर्ज मामले में एक गवाह का बयान दर्ज किया गया. स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को करने का आदेश दिया. गवाह निधि भारद्वाज के बयान दर्ज किए गए. आरोपी जगदीश टाइटलर की ओर से पेश वकील अनिल कुमार शर्मा ने निधि भारद्वाज का क्रास-एग्जामिनेशन किया. कोर्ट में गवाह मनमोहन कौर का डेथ सर्टिफिकेट पेश किया गया. उसके बाद कोर्ट ने मनमोहन कौर का नाम गवाहों की सूची से हटाने का आदेश दिया.

वृंदावन में मातम

# यमुना नदी में नाव पलटने से पंजाब के 10 पर्यटकों की मौत

मथुरा / एजेंसी

मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया. दोपहर 2:45 बजे के करीब श्रीबांके बिहार मंदिर से करीब ढाई किमी की दूरी पर स्थित केशी घाट के पास पर्यटकों से भरी एक नाव (मोटर बोट) पोंटून पुल (पीपा पुल) से टकराने के बाद यमुना नदी में पलट गई. नाव में 30 से अधिक लोग सवार थे, जो नदी में गिर गए. इनमें से 10 लोगों की डूबकर मौत हो गई, जबकि 22 को बचा लिया गया. अब भी कुछ लोग नदी में लापता हैं और उनकी तलाश की जा रही है. मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि नाम में सवार लोग पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं. स्थानीय गोताखोर गुलाब ने इस हादसे के लिए तेज हवा को जिम्मेदार ठहराया. उन्होंने आजतक से बातचीत में कहा, 'तेज हवा चल रही थी. यमुना नदी के बीच में नाव अचानक तेज हवा से डगमगाने लगी और उसकी स्पीड भी बढ़ गई. देखते ही देखते नाव पीपा पुल (पांटून पुल) से टकराकर नदी में पलट गई और उसमें सवार सभी लोग गहरे पानी में गिर गए.' मथुरा जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स और नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीमें, स्थानीय पुलिस करीब और 50 स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में लापता लोगों की तलाश कर रही हैं. मथुरा के डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि दुर्घटना का प्रारंभिक कारण यह प्रतीत होता है कि



नाव पोंटून पुल से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ. उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दस शव बरामद किए गए हैं. एनडीआरएफ एसडीआरएफ फायर डिपार्टमेंट और पुलिस की टीमें, स्थानीय गोताखोरों और नाविकों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं. लापता लोगों की तलाश जारी है. मथुरा ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि केशी घाट के पास यमुना नदी के एक हिस्से में नाव डूब गई है. अब तक 22 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है. उन्होंने कहा, 'बचाए गए लोगों को एम्बुलेंस और पुलिस वाहन (पीआरवी) की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. हम फिलहाल स्थिति का जायजा ले रहे हैं ताकि पता चल सके कि कितने लोग सुरक्षित हैं और कितने लोगों की जान गई है... यहां एक पोंटून पुल है. चूंकि यह पुल जर्जर हालत में था, इसलिए एक एजेंसी पोंटूनों की मरम्मत का काम कर रही थी. आशंका है कि यह दुर्घटना इसी मरम्मत कार्य के दौरान नाव के पोंटून से टकराकर पलटने के कारण हुई. मथुरा के जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पंजाब के लुधियाना से आए श्रद्धालुओं को ले जा रही एक नाव यमुना नदी में पलट गई, जिससे एक दुखद हादसा हो गया।

### दिल को झकझोर देने वाली है ये घटना : सीएम योगी



सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई मौतें बेहद दुखद और दिल को झकझोर देने वाली हैं. उन्होंने कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं. उन्होंने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तेज करने और घायलों का बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। हादसा दोपहर पौने 3 बजे केशी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से करीब ढाई किमी की दूरी पर है. नाव पीपा पुल से टकराने के बाद नदी में पलट गई. स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स और नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीमें करीब 50 स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में लापता लोगों की तलाश कर रही है.

चुनावी रैली में भाजपा पर बरसीं सीएम ममता

# सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है,लेकिन उनपर नहीं..

कोलकाता/ एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 'एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे। ममता बनर्जी ने लोगों को आगाह किया कि वे भाजपा पर कभी विश्वास न करें।

### मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल के अंदर लगी आग, दमकल टीम मौके पर पहुंची

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लगने की खबर है। खबरों के मुताबिक, हवाई अड्डे के टर्मिनल वन पर मौजूद बैठक क्षेत्र में आग लगी है। ये घटना शाम 6 बजे के करीब की बताई जा रही है। पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, आग पर काबू पा लिया गया है और अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, आग हवाई अड्डे परिसर में विले पार्ले (पूर्व) स्थित 3 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। मुंबई अग्निशमन दल के प्रमुख रविंद्र अंबुलगेकर का कहना है कि आग टर्मिनल के अंदर केबल ट्रे और स्विच बॉक्स में लगी थी।

उच्च सदन से शुरू की नई पारी

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा के सदस्य के रूप में ली शपथ....

नई दिल्ली/ एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार आज राज्यसभा से अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। आज दोपहर 12:12 बजे उन्होंने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। इसके लिए समारोह का आयोजन किया गया। राज्यसभा में सारी तैयारी पहले ही पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आवास से निकलकर राज्यसभा पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके आवास से उनके साथ राज्यसभा पहुंचे। 16 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। 30 मार्च को उन्होंने विधान परिषद् सदस्य के रूप में इस्तीफा दिया। इसके बाद आज उन्होंने राज्यसभा सांदस के रूप में शपथ लिया। अब तीन से चार दिनों के अंदर वह अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप देंगे। एक दिन पहले यानी नौ अप्रैल को दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अब हम यहीं रहेंगे, वहां नए लोगों को मौका मिलेगा। बहुत समय तक यहां (दिल्ली) काम किया है, अब फिर से यहीं काम करूंगा। 20 साल तक बिहार में बहुत काम किया है। यह काम आगे भी काम जारी रहेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा में शपथ लेने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलकात करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखी विधायकी

# जेल में बंद अब्बास अंसारी को बड़ी राहत



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। हेट स्पीच से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के सजा पर रोक वाले फैसले को बरकरार रखा था। कोर्ट के इस ताजा फैसले के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता बनी रहेगी और फिलहाल उस पर कोई खतरा नहीं है।दरअसल, हेट स्पीच से जुड़े एक केस से में निचली अदालत ने अब्बास अंसारी को सजा सुनाई थी। सजा के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि, बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस सजा पर रोक लगा दी थी, जिसके चलते उनकी सदस्यता फिलहाल बनी रहेगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए भारत के सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। सरकार द्वारा दायर याचिका में मांग किया गया था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द किया जाए।

### नासिक की आईटी कंपनी में 8 महिलाओं से यौन शोषण, 6 गिरफ्तार

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में एक बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी में महिला कर्मचारियों के यौन शोषण से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि कंपनी की महिला कर्मचारियों की शिकायतों के बाद 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें टीम लीडर और इंजीनियर स्तर के कर्मचारी शामिल हैं। सभी पर अलग-अलग आरोप हैं। वहीं, पूरे मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) भी गठित की गई है। पुलिस ने बताया कि 9 पीड़ितों की शिकायत के बाद मामले में 9 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पीड़ितों में 8 महिलाएं और एक पुरुष है। 8 एफआईआर मुंबई नाका पुलिस स्टेशन में और एक देवलाली पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई है।

वकील ने दायर की अलग-अलग 25 जनहित याचिकाएं

# पहले भी कर चुके थे अटपटी मांग;पहले भी खा चुके हैं सुप्रीम कोर्ट से फटकार...

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर करने वाले वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, याचिकाकर्ता और वकील सचिन गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि वह अपनी पीआईएल वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने गुप्ता से कहा, आप अपने पेशे पर ध्यान केंद्रित करें। आपको अदालतों में आने के बजाय अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए, उन्हें कुछ मुद्दों पर अधिक जानकारी देनी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल थे। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उचित समय आने पर अगर जरूरत हुई तो न्यायालय उनकी याचिकाओं पर भी विचार करेगा। सीजेआई सूर्यकांत ने जोर दिया कि एक वकील और कानूनी ज्ञान रखने वाले व्यक्ति के रूप में याचिकाकर्ता को विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से मुद्दों की पहचान करनी चाहिए और संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील बनाने का प्रयास करना चाहिए। पीठ ने कहा कि अगर कुछ नहीं होता है, तो याचिकाकर्ता अदालत का रुख कर सकता है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई 25 पीआईएल वापस लेने की अनुमति दे दी।



याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई पीआईएल में देश में आधिकारिक उद्देश्यों के लिए एक सामान्य संपर्क भाषा विकसित करने हेतु नीति बनाने और आम जनता के बीच कानूनी ज्ञान फैलाने के लिए टेलीविजन पर कानूनी जागरूकता शो हेतु नीति का मसौदा तैयार करने सहित विभिन्न दिशा-निर्देशों की मांग की गई थी। पीआईएल में साबुन में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के संबंध में दिशानिर्देश जारी करने और केवल उन्हीं रसायनों की अनुमति देने के लिए नीति बनाने की दिशा में निर्देश शामिल थे जो हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं।

बंगाल के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र

# अमित शाह बोले-45 दिन के अंदर 7 वां वेतन आयोग लागू करेंगे और यूसीसी भी लागू होगा

कोलकाता/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दौरे में है। इस दौरान वह विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए इसे 'भरोसे का पत्र' बताया। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र राज्य के हर वर्ग की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और मौजूदा निराशा के माहौल से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। अमित शाह के अनुसार, इस घोषणापत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से जूझ रहे किसानों को इससे नई दिशा मिलेगी, जबकि युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी खास जोर दिया गया है। इसके साथ ही बंगाल की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को पुनर्स्थापित करने की बात भी इसमें



प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा अमित शाह ने सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान करते हुए कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों और वेतनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जाएगा और 45 दिनों के भीतर ही सातवें वेतन आयोग और आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी योजनाओं को लागू करेंगे। साथ ही छह माह के अंदर ही यूसीसी भी लागू करेंगे। महिलाओं के लिए एलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार 'लक्ष्मी भंडार' योजना के लाभार्थियों को हर महीने 1 से 5 तारीख तक खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी। महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में पुलिस बल सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है। इसके साथ ही 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर मंडल में महिला थाने और महिला डेस्क स्थापित करने की योजना है, ताकि महिलाओं को बेहतर और त्वरित सहायता मिल सके। यह भी कहा गया है कि ऐसा माहौल तैयार किया जाएगा, जहां महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल न उठे और उन्हें किसी भी समय बाहर निकलने में असुरक्षा महसूस न हो। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट देने की योजना है।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को 7 दिनों की मोहलत



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को तेलंगाना हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें एक सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत प्रदान की है। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से जुड़ा हुआ है, जिसमें खेड़ा पर मानहानिकारक और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने का आरोप है। इस फैसले से फिलहाल खेड़ा को गिरफ्तारी से राहत मिल गई है। आपको बता दें कि इससे एक दिन पहले अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिससे ऐसा माना जा रहा था कि कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है लेकिन पवन खेड़ा को आज हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। ऐसे में अब यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या वह अब भी अपनी राजनीतिक बयानबाजी इसी अंदाज में जारी रखेंगे या नहीं।




## शरीर में हार्मोन संतुलित करने के लिए रोज सुबह जरूर पिएं ये ड्रिंक, दूर होंगी कई समस्याएं

स्वस्थ रहने के लिए शरीर में हार्मोन्स का बैलेंस रहना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपके हार्मोन्स असंतुलित हो गए हैं तो संभव है कि आपको स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसे बैलेंस रखने के लिए लोग तरह-तरह के नुस्खे अपनाते हैं। कुछ लोग तो इसके लिए दवाओं का भी सेवन करते हैं। जबकि आप घर पर बनी मात्र एक हेल्दी ड्रिंक पीकर भी हार्मोन्स को बैलेंस कर सकते हैं। आइये डाइटिशियन ऋचा गंगानी से जानते हैं इस ड्रिंक को पीने से हार्मोन्स कैसे नियंत्रित होते हैं और इसे बनाने का तरीका।

### कैसे बनाएं ये ड्रिंक?

- यह ड्रिंक बनाना काफी आसान है। इसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं।
- इस ड्रिंक को बनाने के लिए आपको घी और नारियल का तेल लेना है।
- अब इसके बाद आपको हल्दी और काली मिर्च लेनी है।
- यह सामग्रियां जुटाने के बाद आपको एक गिलास पानी गर्म करना है।
- अब गर्म पानी में सबसे पहले एक चम्मच घी मिलाएं। इसके बाद इसमें अन्य सामग्रियां डालें।
- इस ड्रिंक एक साथ मिलाकर आप सुबह खाली पेट इसे पी सकते हैं।

### हार्मोन्स बैलेंस करने में मददगार

अगर आपको हार्मोनल इबैलेंस की समस्या है तो ऐसे में इस ड्रिंक को जरूर पिएं। इसमें घी और हल्दी की मात्रा होती है, जो शरीर में हार्मोन्स के उत्पादन को कंट्रोल करने के साथ ही उसे बैलेंस रखने में भी मदद करती है। यह ड्रिंक शरीर में होने वाले ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करके हार्मोन्स के इबैलेंस को कम करने में मददगार साबित होती है। सुबह के समय घी खाने से शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन्स का लेवल बैलेंस रहता है।

### इस ड्रिंक को पीने के अन्य फायदे

- यह ड्रिंक सेहत के लिए अन्य भी कई तरीकों से फायदेमंद साबित होती है।
- अगर आप वजन घटाना चाहते है तो भी इस ड्रिंक को पी सकते हैं।
- इसे पीने से पाचन प्रक्रिया तेज होने के साथ ही मेटाबॉलिज्म भी दुरुस्त रहता है।
- इस ड्रिंक को पीने से शरीर की थकान दूर होती है साथ ही उर्जा की कमी महसूस नहीं होती है।



# गर्मियों में बढ़ जाता है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन का जोखिम

गर्मी में बैक्टीरियल स्किन इन्फेक्शन होना बहुत ही आम बात है। वैसे तो स्किन इंफेक्शन के लक्षण बहुत ही आम होते हैं, लेकिन कुछ इंफेक्शन ऐसे भी होते हैं, जो कुछ ही लोगों को होते हैं। इन्हीं इंफेक्शन में से एक है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन। टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन क्या है, इसके लक्षण क्या हैं और इससे बचाव करने के लिए क्या किया जा सकता है

गर्मी के मौसम में तेज धूप, लू, पसीने और धूल-मिट्टी की वजह से स्किन इंफेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा जिसको अपनी लाइफ में किसी तरह का स्किन इंफेक्शन जरूर होता। विशेषकर गर्मी में बैक्टीरियल स्किन इन्फेक्शन होना बहुत ही आम बात है। वैसे तो स्किन इंफेक्शन के लक्षण बहुत ही आम होते हैं, लेकिन कुछ इंफेक्शन ऐसे भी होते हैं, जो कुछ ही लोगों को होते हैं। इन्हीं इंफेक्शन में से एक है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन। टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन क्या है, इसके लक्षण क्या हैं और इससे बचाव करने के लिए क्या किया जा सकता है।

## क्या है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन

टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन एक दुर्लभ प्रकार का फंगल इंफेक्शन है। यह इंफेक्शन मुख्य रूप से पैरों के तलवे और हथेलियों को प्रभावित करता है। कुछ मामलों में यह इंफेक्शन पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। गर्मी के मौसम में जिन लोगों को पसीना ज्यादा आता है, उन्हें नाइग्रा इंफेक्शन होने का खतरा ज्यादा रहता है। टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन शरीर पर काले धब्बे की तरह विकसित है। कुछ केस में इसके धब्बे भूरे और लाल भी हो सकते है।

## टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन के लक्षण क्या हैं

टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन त्वचा पर खुरदरे, भूरे या काले धब्बे के रूप में दिखाई दे सकता है। शुरुआत में कुछ लोग टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन को स्किन कैंसर समझने की भूल कर सकते हैं, क्योंकि यह समय के साथ बड़ा होता जाता है। लेकिन डॉक्टर के पास जाने से आपके कई भ्रम दूर हो सकते हैं। टिनिया नाइग्रा काला धब्बा त्वचा के कैंसर से अलग होगा क्योंकि इसका आकार अजीब होता है। यदि आपके हाथों पर टिनिया नाइग्रा है, तो आप पाएंगे कि इसका रंग पूरे दिन बदलता रहता है। यह सुबह के समय गहरे भूरे रंग से लेकर शाम के समय हल्के रंग तक हो सकता है। इस इन्फेक्शन के लक्षण हथेलियों पर दिनभर काम करने और आपने किस तरह की चीजों को छुआ है, इस पर आधारित हो सकते हैं। यह इंफेक्शन आमतौर पर हाथों की हथेलियो और पैरों के तलवों को प्रभावित करता है। कुछ मामलों मे यह गर्दन पर भी विकसित हो सकता है। चूंकि टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन के कारण ज्यादा लोगों को परेशानी नहीं होती है, इसलिए इस इंफेक्शन का पता बहुत लंबे समय के बाद पता चलता है।

## टिनिया नाइग्रा होने का कारण क्या है

यह स्किन इन्फेक्शन हॉर्टिया वर्नेकी नामक कवक के संपर्क में आने के बाद होता है। हॉर्टिया वर्नेकी अत्यधिक खारे वातावरण या अत्यधिक उच्च नमक सामग्री वाले स्थानो पर पनपता है। टिनिया नाइग्रा की ऊष्मायन अवधि लंबी होती है। इसका मतलब यह है कि हॉर्टिया वर्नेकी के संपर्क में आने के बाद यह तुरंत दिखाई नहीं देता है। फंगस के संपर्क में आने के कम से कम 2 से 7 सप्ताह बाद आप अपनी त्वचा के रंग में बदलाव देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन के लक्षण देरी से नजर आते हैं।

## टिनिया नाइग्रा का इलाज क्या है

यदि आपको लगता है कि आपको टिनिया नाइग्रा है, तो आपको स्किन स्पेशलिस्ट से मिलना चाहिए। स्किन स्पेशलिस्ट यह जानने के लिए संक्रमित क्षेत्र का एक नमूना लेंगे कि आपको टिनिया नाइग्रा है या नही। यदि आपके टेस्ट का रिजल्ट पॉजिटिव आता है, तो आप एंटीफंगल स्किन क्रीम के जरिए इसे ठीक कर सकते हैं। 2 से 4 सप्ताह के लगातार उपयोग के बाद एंटी फंगल स्किन क्रीम आपके टिनिया नाइग्रा को ठीक कर देगी।





# आप भी पीते हैं नमक वाली चाय?

## जानें इससे होने वाले गंभीर नुकसान

**चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीने से अपच, एसिडिटी और ब्लड प्रेशर समेत कई गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।**

चाय भारत में पानी के बाद सबसे ज्यादा पी जाने वाली ड्रिंक है। इसका सेवन बड़े-बूढ़ों से लेकर बच्चे भी करते हैं। चाय का मार्केट इतना बड़ा है कि दुनियाभर मे अलग-अलग तरह की चाय मिलती है। आमतौर पर लोग दूध वाली चाय का ही सेवन करते है। भारत मे मसाला चाय और हर्बल चाय का भी चलन है। सावधानीपूर्वक और सही तरीके से चाय का सेवन करने से शरीर को फायदे भी मिलते हैं। लेकिन गलत तरीके से इसका सेवन करना सेहत के लिए गंभीर होता है। चाय का सेवन करने वाले कुछ लोग इसमें नमक मिलाकर भी पीते हैं। नमक वाली चाय सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है।

### नमक वाली चाय पीने के नुकसान

नमकीन चाय एक प्रकार की चाय है जिसमें नमक और अन्य मसाले डाले जाते हैं। अक्सर लोग चाय बनाते समय दूध के साथ कुछ मात्रा में नमक भी डाल देते हैं। सर्दी-जुकाम या इन्फेक्शन होने पर भी लोग नमकीन चाय का सेवन करते हैं। क्लीनिकल डाइटिशियन कहते हैं, चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीना नुकसानदायक होता है। नमक वाली चाय का सेवन करने से कई गंभीर नुकसान का खतरा रहता है। इसलिए चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीने से बचना चाहिए। नमक वाली चाय पीने के नुकसान इस तरह से हैं-

**हाई ब्लड प्रेशर** - दूध वाली चाय में नमक डालकर पीने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा रहता है। नमक ज्यादा खाने से ब्लड में नाट्रियम की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे बीपी बढ़ सकता है।

**शरीर में पानी भरना** - नमक वाली चाय का ज्यादा सेवन करने से शरीर में पानी भर सकता है। इसकी वजह से पेशाब की समस्या भी हो सकती है।

**गैस और एसिडिटी** - नमक के अधिक सेवन से पाचन तंत्र में समस्याएं हो सकती हैं, जिससे गैस और एसिडिटी का खतरा रहता है। यह पेट मे असहजता और तकलीफ का कारण बन सकता है।

**पाचन तंत्र के लिए हानिकारक** - नमकीन चाय का अधिक सेवन करने से पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचता है। इससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

**शरीर में पानी की कमी** - नमक के अत्यधिक सेवन से शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है, जिससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

### नुकसान से कैसे बचें?

नमक वाली चाय का सेवन शरीर मे ऊपर बताई गई समस्याओं का कारण हो सकता है। इसके अलावा चाय का भी ज्यादा मात्रा मे सेवन करने से कई गंभीर नुकसान होने का खतरा रहता है। चाय पीने की वजह से होने वाले नुकसान से बचने के लिए हेल्दी डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए। इसके नुकसान से बचने के लिए डाइट में फल, सब्जी और हेल्दी चीजों को शामिल करें। नियमित रूप से व्यायाम और एक्सरसाइज का अभ्यास करने से भी इसके नुकसान को कम करने में मदद मिलती है।

## मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएँ



# महिलाओं में तेजी से बढ़ती एक सामान्य स्वास्थ्य चिंता

मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएँ आज महिलाओं में तेजी से बढ़ती एक सामान्य स्वास्थ्य चिंता बनती जा रही हैं, जो उनके दैनिक जीवन और कार्य क्षमता को प्रभावित करती हैं। इन्हीं समस्याओं में एक प्रमुख स्थिति है प्रीमेंस्ट्रुअलसिंड्रोम, जिसे एक दीर्घकालिक और चक्रीय विकार माना जाता है। यह समस्या आमतौर पर मासिक धर्म शुरू होने से 5 से 7 दिन पहले दिखाई देती है और इसका संबंध प्रजनन आयु में होने वाले स्टेरॉय डल हार्मोनों के उतार-चढ़ाव से माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पीएमएस का मुख्य कारण सामान्य हार्मोनल परिवर्तनों के प्रति शरीर की असामान्य संवेदनशीलता और अत्यधिक प्रतक्रिया हो सकता है।

आंकड़ों के अनुसार, विश्वभर में लगभग 40 मिलियन महिलाएँ पीएमएस से प्रभावित हैं, जबकि भारत में इसकी व्यापकता 61.7% से 72.3% के बीच बताई जाती है, जो इसकी गंभीरता को दर्शाता है। इस समस्या से जुड़े 150 से अधिक लक्षण पाए जाते हैं, जिनमें वजन बढ़ना, जोड़ों और मांस पेशियो में दर्द, मुंहासे, पीठदर्द, पेटफूलना, पेट में ऐंठन, ऊर्जा की कमी, भूख और प्यास में बदलाव, कब्ज, हृदयगति मे वृद्धि, दैनिक गतिविधियों में रुचिकी कमी, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, तनाव, उदासी, थकान, स्तनों में संवेदनशीलता और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है। हालांकि PMS के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयाँ (फार्माकोलॉजिकल) और बिना दवा के उपायों (नॉन-फार्माकोलॉजिकल) दोनों का सहारा लिया जाता है, लेकिन अब तक इसका कोई निश्चित इलाज उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में ऑटोजेनिकट्रेनिंग (Autogenic Training - AT) एक प्रभावी और सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर रही है। यह एक रिलैक्सेशन तकनीक है, जिसे 1930 में शुल्ट्ज द्वारा विकसित किया गया था। इसमें छह

## मासिक धर्म से पहले होने वाली समस्याओं का समाधानः पीएमएस और ऑटोजेनिक ट्रेनिंग की भूमिका

विशेष वाक्यों की मानसिक पुनरावृत्ति के माध्यम से शरीर की संवेदनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और धीमी वनियंत्रित श्वास को अपनाया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऑटो जेनिक ट्रेनिंग से मानसिक शांति और गहरी विश्राम अवस्था प्राप्त होती है, जिससे शरीर के सिम्पेथेटिक और पैरासिम्पेथेटिक तंत्र के बीच संतुलन स्थापित होता है। यह प्रक्रिया दर्द को कम करने में भी सहायक होती है, क्योंकि इससे ऊतकों की ऑक्सीजन की आवश्यकता कम होती है, लैक्टिकएसिड का अपघटन होता है, मांसपेशियों का तनाव और चिंता घटती है, और शरीर में एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक हार्मोन का स्राव बढ़ता है। इस प्रकार, PMS जैसी समस्या के प्रबंधन में जागरूकता और रिलैक्सेशन तकनीकों का अपनाना महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।


- **डॉ शालिनी (पीटी)**, सहायक प्रोफेसर, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय
- **डॉ. दिव्या खाती (पीटी)**, सहायक प्रोफेसर, रयात बाहरा विश्वविद्यालय, मोहाली
- **और डॉ. श्वेता वर्मा (पीटी)**, सहायक प्रोफेसर, रयात बाहरा विश्वविद्यालय, मोहाली

# विधायक निधि के ऑनलाइन संचालन के लिए संभाग स्तरीय दिया गया प्रशिक्षण

### विधायक निधि के कार्य अब ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से होंगे संचालित



दुर्ग/ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमएलएएलएडीएस) की संपूर्ण प्रक्रिया को 01 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने के लिए दुर्ग संभाग के सभी जिलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) के राधाकृष्णन हॉल में दिया गया। संचालनालय योजना एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त संचालक श्री डी.एस.वर्मा एवं श्री संतोष राय ने विधायक निधि की पारदर्शी डिजिटल रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि सांसद निधि के कार्यों के लिए ई-साक्षी पोर्टल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अनुशंसा प्राप्त करना, स्वीकृति जारी करना और आदेश करना जैसे कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब विधायक निधि के कार्यों को भी इसी पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से रायपुर में इस प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा था और अब इसे सभी जिलों में लागू कर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि नई प्रणाली लागू होने पर प्रारंभ में अनेक प्रकार की शंकाएं होती है, लेकिन ये बदलाव प्रशासनिक कार्यों को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण देते हुए बताया कि इससे सभी विभागों में कार्यप्रणाली में तेजी और सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि की स्वीकृति और राशि जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रक्रिया को बारीकी से समझने को कहा, ताकि प्रणाली का क्रियान्वयन प्रभावी और सुचारू रूप से किया जा सके।

प्रशिक्षण में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय की उप संचालक श्रीमती कविता एन्थोनी, सहायक संचालक श्री सागर साहू, सहायक सांख्यिकी अधिकारी रायपुर श्रीमती सावित्री साहू और विधायक निधि शाखा के कर्मचारी, विधायकों के निज सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, नगर निगम, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी-कर्मचारी सहित दुर्ग संभाग के अंतर्गत समस्त जिले-दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के प्रतिभागी शामिल हुए।

# स्वास्थ्य अमला पीलिया से प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण



दुर्ग,/ वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 10 अप्रैल 2026 को डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशन में एवं डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व श्रीमती रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग श्री विजय सेजुले, सुपरवाईजर, श्री हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी से प्राप्त जानकारी अनुसार आज प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 110 घरों का भ्रमण कर 11 पीलिया से ग्रसित नए मरीज पहचान किये व अन्य लक्षणयुक्त 07 व्यक्तियों का ब्लड सैंपल जाँच हेतु हमर लैब जिला चिकित्सालय भेजा गया। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में आज दिनांक तक कुल 15 पीलिया के मरीज़ मिले, जिनमें से 2 नये मरीज भर्ती हुए तथा 2 पुराने मरीज डिस्चार्ज हुए इस प्रकार कुल भर्ती 4 मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईस, भिलाई में उपचाररत है। प्रभावित क्षेत्र के तीन घरों से पीने के पानी का सैंपल जाँच हेतु चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज कचांदुर भेजा गया है, भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा पानी टैंकर की व्यवस्था संक्रमित क्षेत्र में की गई एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के पीएचई विभाग द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। अतएव आम जनता के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया जिसमें जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, दुर्ग आम जनता से अपील करता है। पीलिया हेतु पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रकट होते है। पीलिया के प्रमुख लक्षण भूख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना एवं कमजोरी तथा थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ ऊपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना।

## दल्ली राजहरा में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर दिल्ली जाएगा प्रतिनिधिमंडल : रतिराम कोसमा



दल्ली राजहरा। दल्ली राजहरा में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए लंबे समय से चल रहे प्रयासों के बाद शहर वासियों को बार-बार यह बताया जा रहा था की इसी शिक्षा सत्र से दल्ली राजहरा में केंद्रीय विद्यालय आरंभ हो जाएगा। इस हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा अस्थाई भवन के रूप में बीएसपी प्राथमिक शाला क्रमांक 6 जिसमें वर्तमान में आदिवासी बच्चों का हॉस्टल चल रहा है को बंद कर कर अस्थाई रूप से केंद्रीय विद्यालय खोलने की बात कही गई। बीएसपी प्रबंधन ने उसे भवन को अस्थाई रूप से उपयोग करने के लिए अपनी स्वीकृति भी प्रदान कर दी। जून- जुलाई 2025 में ही यह घोषणा भी कर दिया गया था की आगामी शिक्षा सत्र में दल्ली राजहरा में केंद्रीय विद्यालय आरंभ हो जाएगा। इस शिक्षा सत्र के प्रारंभ में दल्ली राजहरा के केंद्रीय कर्मचारियों ने अपने बच्चों के एडमिशन के लिए जब केंद्रीय विद्यालय का पोर्टल खोला तो वही ढाक के तीन पात मिले। लगातार प्रयासों के बाद भी एडमिशन के लिए केंद्रीय विद्यालय की सूची में दल्ली राजहरा का कहीं पर भी नाम नहीं आया था। स्पष्ट है कि जिन लोग सिर्फ घोषणा कर रहे थे उन लोगों ने ईमानदारी से प्रयास ही नहीं किया केंद्रीय विद्यालय को समय पर दल्ली राजहरा में खोले जाने के लिए। उपरोक्त बातों को दल्ली राजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। विज्ञप्ति में आगे बताया कि क्षेत्रिय विधायक अनिला भेड़िया के निर्देश पर राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम से इस संबंध में एक दौर की चर्चा हो चुकी है और उन्होंने दल्ली राजहरा में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु दिल्ली स्तर पर अपने प्रयास का आश्वासन दिया है। रतिराम कोसमा ने आगे बताया कि हमारा एक प्रतिनिधिमंडल 9 अप्रैल को राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम से मिलकर केंद्रीय विद्यालय के संबंध में विस्तार से जानकारी सांसद को देंगे और दिल्ली स्तर पर केंद्रीय विद्यालय आगामी शिक्षण सत्र में दल्ली राजहरा में आरंभ किए जाने हेतु निरंतर प्रयास करने की दिशा में काम करेंगे।

# ठेकेदारों द्वारा कार्यों में लापरवाही बरती तो सख्त कार्रवाई की जाए

## मुख्य अभियंता ने बेमेतरा जिले की सड़कों का किया सघन निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, सिविल लाईन्स रायपुर के मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा द्वारा बेमेतरा जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण 03 अप्रैल 2026 को किया गया, जिसमें विशेष रूप से 05 वर्ष की संधारण अवधि (मेंटेनेंस पीरियड) वाले सड़कों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सड़कों की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं वर्तमान हालत का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया। मुख्य अभियंता ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर सड़कों के रखरखाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर नियमित संधारण कार्यों में कमी देखी जा रही है, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों का नियमित रखरखाव एवं मरम्मत कार्य ठेकेदारों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने सड़कों के संधारण से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे पैच रिपेयर, पॉट होल्स (गड्ढों) की मरम्मत, सड़क किनारे उगी झाड़ियों की सफाई, पुल-पुलियों की रंगाई-पुताई तथा आवश्यक मरम्मत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण संधारण से ही सड़कों की दीर्घायु सुनिश्चित की जा सकती है और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम बना रह सकता है।

मुख्य अभियंता शर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि जिन ठेकेदारों द्वारा 05 वर्ष की नियमित संधारण अवधि के दौरान कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में संबंधित ठेकेदारों की बैंक गारंटी राशि राजसात (जब्त) करते हुए डी.एल.पी. (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) प्रकरण प्रस्तुत करने के लिए कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया है। इससे कार्य में जवाबदेही एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता मुकेश कुमार साकरकर, सहायक अभियंता अमर सिंह पैकरा एवं उप अभियंता यशवंत कुमार साहू सहित विभागीय अधिकारी एवं तकनीकी अमला उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध संधारण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# कुसुमकसा रेलवे ब्रिज के पास एक बड़ा हादसा होते टला

बल्लीराजहरा। कुसुमकसा रेलवे ब्रिज के पास आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब पायल कंपनी की एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 9 अप्रैल लगभग दोपहर 3:30 बजे की है। बस बालोद से दल्ली राजहरा की ओर आ रही थी, तभी कुसुमकसा रेलवे ब्रिज के समीप चालक का नियंत्रण वाहन पर से हट गया और बस अनियंत्रित होकर ढलान की ओर नीचे जा उतरी। घटना के बाद बस चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा फरार चालक की तलाश की जा रही है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, बस की रफ्तार अधिक नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी।



# कच्चे छप्पर से पक्के मकान तक—बिहारी का बदला जीवन



बेमेतरा। जिले के साजा जनपद अंतर्गत ग्राम केहका निवासी बिहारी पिता दुखित की जीवन यात्रा एक प्रेरणादायक कहानी बन चुकी है। कुछ वर्ष पहले तक उनका परिवार एक छोटे से कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहा था, जहाँ हर दिन संघर्ष और असुरक्षा का सामना करना पड़ता था। मिट्टी की दीवारें और खपरैल की छत मानसून के मौसम में बड़ी परेशानी का कारण बनती थीं, जिससे पूरा परिवार भय और असुविधा में जीने को मजबूर था। बरसात के दिनों में हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो जाते थे। छत से टपकता पानी, दीवारों में सीलन और रातभर जागकर समय बिताना बिहारी के परिवार की मजबूरी बन चुकी थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे स्वयं पक्का मकान बनवाने में असमर्थ थे, जिससे उनका अपने घर का सपना अधूरा ही नजर आता था। इसी बीच प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनके जीवन में नई उम्मीद की किरण जगाई। योजना के तहत उनका चयन हुआ और शासन से प्राप्त आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त किया। बिहारी बताते हैं कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि इतनी जल्दी उन्हें पक्का मकान मिल पाएगा। सरकारी सहयोग ने उनके जीवन की सबसे बड़ी चिंता को समाप्त कर दिया। योजना के तहत प्राप्त किस्तों का सही उपयोग करते हुए बिहारी ने मेहनत और लगन से अपने पुराने कच्चे घर की जगह एक मजबूत और सुंदर पक्का मकान तैयार कर लिया। अब उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में जीवन बिता रहा है। पक्के घर के निर्माण से न केवल उन्हें मौसम की मार से राहत मिली है, बल्कि बार-बार मरम्मत के खर्च से भी छुटकारा मिल गया है।

बिहारी पिता दुखित अपने नए घर में ससम्मान जीवन जी रहे हैं। इस बदलाव ने उनके जीवन स्तर को नई दिशा दी है। ग्राम पंचायत केहका और जनपद पंचायत साजा के अधिकारियों के सहयोग तथा शासन की इस जनकल्याणकारी योजना ने उनके जैसे अनेक ग्रामीण परिवारों के जीवन में खुशहाली और आत्मविश्वास का संचार किया है।

# जुआ खेलते 03 जुआडियों से 26,500 रूपये जब्त



बेमेतरा। चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद एवं चौकी देवकर पुलिस टीम द्वारा जरिए मुखबिर सुचना पर बेलाही खार ग्राम सहसपुर में रेड कार्यवाही कर 03 जुआड़ी से नगदी रकम 26,500/- रूपये, एक मोटर सायकल कीमती 35,000/- रूपये, कुल जुमला 61,500/-रूपए एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया। चौकी देवकर पुलिस टीम को जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सहसपुर के बेलाही खार आम जगह में कुछ लोग टार्च की रोशनी में बैठकर 52 पत्ती तास से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सुचना पर चौकी देवकर पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर 03 जुआड़ी पकड़े गए। जिसमें चौकी देवकर थाना साजा में 01 प्रकरण दर्ज कर 03 जुआडियानो टेकराम साहू उम्र 41 वर्ष, निवासी राजपुर थाना धमधा जिला दुर्ग, आशाराम साहू उम्र 35 वर्ष, निवासी सहसपुर चौकी देवकर थाना साजा, जिला बेमेतरा, भोजराम साहू उम्र 26 वर्ष, निवासी राजपुर थाना धमधा जिला दुर्ग के विरूद्ध धारा 3(2),छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई है। जुआडियों के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी रकम 26,500/- रूपये, एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेजी 8581 कीमती 35,000/- रूपए, कुल जुमला 61,500/-रूपए एवं 52 पत्ती तास जप्त को जप्त किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक मोहित देवांगन, भूषण मारकंडेय, मुकेश पाल, दीपक राजपूत, हुंकार दास टंडन, मुकेश राजपूत सहित अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को लेकर जिला स्तर पर कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

### 10 मार्च 2024 से शुरू अभियान, 2028-29 तक बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य

दुर्ग,/ जिले में बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम के उद्देश्य से संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत राज्य शासन ने सभी जिलों को जिला स्तरीय कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान 10 मार्च 2024 से शुरू किया गया है और चरणबद्ध रूप से वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें ग्राम पंचायत सचिव, सेक्टर पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी शामिल हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह पंजी का संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि सभी विवाहों का पूर्व पंजीयन हो सके और बाल विवाह की जानकारी समय रहते प्राप्त की जा सके। साथ ही, जिन क्षेत्रों या समुदायों में बाल विवाह की घटनाएं अधिक होती रही हैं, उन्हें चिन्हित कर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ-साथ कानून अपराध भी है। इसमें शामिल वर-वधू के अभिभावकों, रिश्तेदारों और विवाह कराने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही का प्रावधान है।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनप्रतिनिधियों, पंचायत एवं नगरीय निकायों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों और आम जनता से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की है। कलेक्टर श्री सिंह ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिला स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आगामी 26 मार्च 2026 को रामनवमी एवं 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी सजगता के साथ कार्य करते हुए संभावित बाल विवाह की घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही सभी संबंधित विभागों के मैदानी अमले को सक्रिय कर व्यापक निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम के लिए तैयार की गई जिला स्तरीय कार्ययोजना को समय-सीमा में महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके।

# मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### जल संरक्षण पर जोर, ‘मोर गांव मोर पानी’ अभियान के तहत कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश




दुर्ग/ जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में -मोर गांव मोर पानी- महाअभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के उद्देश्य से जल संग्रहण आधारित कार्यों को अधिक से अधिक स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा स्वप्रेरणा से सोकपिट का निर्माण कराया जाए। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कम लागत एवं प्रभावी परिणाम देने वाले सोकपिट एवं जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से चयनित कर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यों का चयन मांग आधारित हो तथा श्रमिकों को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार योजना अंतर्गत कार्यरत सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए उसका समयबद्ध अपलोड सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की जियो-टैगिंग में तेजी लाने, लंबित प्रस्तावों को नियमानुसार प्रस्तुत कर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत लंबित निकासी बैठकों को शीघ्र आयोजित कर एटीआर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। जानकारी अनुसार जिला दुर्ग में 50, जनपद पंचायत पाटन में 16 एवं जनपद पंचायत धमधा में 55 निकासी बैठकें लंबित हैं, जिन्हें तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में गति लाने तथा मनरेगा के माध्यम से हितग्राहियों को 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। डाक पंजीयन क्रमांक- सीजी/दुर्ग/लोकतंत्र प्रहरी/2026-28, Email : loktantraprahrinews@gmail.com